Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ शाहपुरा (भीलवाड़ा) में पुलिस थाना बनेड़ा का सहायक उपनिरीक्षक 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

जयपुर, *17 अगस्त, शनिवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की भीलवाड़ा–द्वितीय इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **मदनलाल वैष्णव सहायक उपनिरीक्षक, पुलिस थाना बनेड़ा, जिला शाहपुरा** को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की भीलवाड़ा–द्वितीय इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि एक्सीडेंट में प्रकरण में त्वरित कार्यवाही कर चालान पेश न्यायालय करने की एवज में आरोपी मदनलाल वैष्णव सहायक उपनिरीक्षक, पुलिस थाना बनेड़ा, जिला शाहपुरा द्वारा **15 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी अजमेर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह** के सुपरवीजन में एसीबी की भीलवाड़ा–द्वितीय इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ब्रजराज सिंह चारण** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी मदनलाल वैष्णव सहायक उपनिरीक्षक, पुलिस थाना बनेड़ा, जिला शाहपुरा को परिवादी से **10 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी सहायक उपनिरीक्षक द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से **3 हजार रुपये** रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**